# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत | जालंधर, 30 अप्रैल, 2020 dailysamvad.com Email: dailysamvad@gmail.com







## ब्रीफ न्यूज

### महाराष्ट्र : ठाणे में मां के बाद 20 दिन के बच्चे में भी पाया गया कोरोना वायरस

**मुंबई** : महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण शहर में एक 20 दिन के बच्चे में कोरोना वायरस का संक्रमण पाया गया है। केडीएमसी में चिकित्सा अधिकारी डॉ राजू लावांगरे ने कहा कि कल्याण डोंबिवली म्यूनिसिपल सीमा में परीक्षण के दौरान छह और लोगों में कोरोना वायरस के संक्रमण पाए गए हैं। इनमें एक 20 दिन का छोटा बच्चा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि शिशु की मां में पहले ही कोरोना वायरस के संक्रमण पाए गए थे, जिसके बाद उनका एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा था।

### कर्नाटक में मास्क न पहनने पर सीआरपीएफ जवान की पिटाई

**कर्नाटक** : कर्नाटक के बेलगावी जिले में लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करने को लेकर सीआरपीएफ जवान के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामले में एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया है। यह फैसला ऐसे समय पर लिया गया है, जब अर्धसैनिक बल ने राज्य के पुलिस चीफ के साथ इस मुद्दे को उठाया था। पुलिस ने गुरुवार को कहा, सदलगा स्टेशन से जुड़े अनिल कुमार को एक्जामबा गांव में कोबरा कमांडो सचिन सावंत की गिरफ्तारी से संबंधित मामले को ठीक से नहीं संभालने के लिए निलंबित कर दिया गया था।

### दिल्ली पुलिस ने जारी किया मौलाना साद को चौथा नोटिस

**नई दिल्ली** : दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को मौलाना साद को चौथा नोटिस जारी कर सरकारी लैब में कोरोना की जांच कराने के लिए कहा। बता दें कि तब्लीगी जमात के मुखिया मौलाना साद एक प्राइवेट लैब में कोरोना टेस्ट करा चुके हैं, जहां उनकी रिपोर्ट निगेटिव आई थी। इस नोटिस में क्राइम ब्रांच ने मौलाना साद से कुछ सवालों के जवाब भी मांगे हैं, जो उन्होंने पुराने नोटिस में नहीं दिया था। देश में कोरोना वायरस के मामलों में अचानक इजाफा करने वाले तब्लीगी जमात के मुखिया मौलाना साद के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला भी दर्ज किया है।

### जनवरी-मार्च तिमाही में 36 फीसदी घटी सोने की मांग, कीमतों में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली** : कीमतों में उतार-चढ़ाव और कोरोना वायरस की वजह से छाई आर्थिक अनिश्चिता के चलते जनवरी-मार्च तिमाही में देश की स्वर्ण मांग 36 फीसदी घट गई। तिमाही के अंत में देशव्यापी लॉकडाउन किए जाने के बीच यह 101.9 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, आभूषण और निवेश दोनों ही परिस्थितियों में स्वर्ण मांग घटी है। जब तक आभूषण उद्योग के कारीगर काम पर नहीं लौट आते और आपूर्ति श्रृंखला को जल्द से जल्द शुरू नहीं कर लिया जाता, तब तक आगे के हालात भी चुनौतीपूर्ण रहने की आशंका है।

# पंजाब में कोरोना का रिकॉर्ड, एक ही दिन में 105 लोग पॉजिटिव

## लुधियाना में ही 34 लोग संक्रमित

**डेली संवाद, चंडीगढ़**




पंजाब में गुरुवार को कोरोना बम फूटा। एक ही दिन में 105 नए पाजीटिव केस सामने आए हैं। इनमें लुधियाना से 34, अमृतसर से 28, मोहाली से 13, तरनतारन से 7, कपूरथला से 6, गुरदासपुर, मुक्तसर से 3-3 व बाकी एक-एक दो-दो केस अन्य शहरों से आए हैं। फिलहाल पंजाब में मरीजों की कुल संख्या 480 हो गई है। इनमें 104 लोग ठीक हो चुके हैं जबकि 20 लोग मर चुके हैं।

जिला संगरूर से भी 2 और कोरोना के नए केस सामने आए हैं। अमरगढ़ ब्लॉक से संबंधित ये दोनों लोग हजूर साहिब से वापस आए थे।

इससे पहले मोहाली से 11 नए केस सामने आए हैं। श्री नांदेड़ साहिब से लौटे 10 श्रद्धालुओं की कोरोना की रिपोर्ट पॉजीटिव पाई गई है, जबकि पी.जी.आई. के एक कर्मचारी में भी कोरोना वायरस की पुष्टि की गई है, जो कि मुल्लांपुर से सबंधित है, जिसके बाद पूरे जिले में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंधी पुष्टि सिविल सर्जन डॉ मनजीत सिंह ने की है। इन नए मामलों के बाद मोहाली में कुल कोरोना पीड़ितों की संख्या 84 तक पहुंच गई है, जबकि 30 लोग ठीक होकर अपने घरों को वापस लौट चुके हैं। इसके साथ ही कोरोना वायरस के शहर में इस समय 52 एक्टिव केस हैं और 2 लोगों की मौत हो चुकी है। दूसरी ओर गुरदासपुर में भी कोरोना के 3 केस आने से लोगों में हड़कंप मच गया है। गत दिवस श्री हजूर साहिब से वापस गुरदासपुर लौटे 108 श्रद्धालुओं में से 3 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है। इसके साथ ही अब तक ग्रीन ज़ोन में चल रहा गुरदासपुर ज़िला इसमें से बाहर हो गया है। सिविल सर्जन डा. किशन कुमार मुताबिक यह तीनों ही व्यक्ति हरभजन सिंह (78), जसपिन्दर सिंह (12) और दलजीत कौर (59) काहनूंवाल पुलिस थाने अधीन पड़ते गांव भाटिया के रहने वाले हैं, जिन्हें सिविल अस्पताल के आईसोलेट वार्ड में भर्ती किया गया है। सिविल सर्जन ने बताया कि कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए जिले में ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार जालंधर में भी आज कोविड -19 के 3 और संदिग्ध मरीज़ों के सैंपलों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मिली जानकारी अनुसार 1 मरीज़ काज़ी मंडी का रहने वाला है जिसका पीजीआई चंडीगढ़ में इलाज चल रहा है। 1 मरीज संत नगर का और 1 मरीज हजूर साहिब से आए यात्रियों में से है।

## पंजाब का जाबांज कोरोना योद्धा

### निहंगों के हमले में घायल एसआइ हरजीत को मिली पीजीआई से छुट्टी

**डेली संवाद, चंडीगढ़**



पंजाब के सब इंस्पेक्टर हरजीत सिंह को पीजीआई चंडीगढ़ से गुरुवार सुबह डिस्चार्ज कर दिया गया। पंजाब के डीजीपी दिनकर गुप्ता खुद एसआई हरजीत सिंह को पीजीआई से डिस्चार्ज कराने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हरजीत को बेटे अर्शप्रीत का नियुक्ति पत्र भी सौंपा।

बता दें कि पटियाला में सन्नौर रोड पर स्थित मंडी में ड्यूटी के दौरान एसआई हरजीत सिंह पर कुछ निहंगों ने हमला कर दिया था। निहंगों ने हरजीत सिंह का एक हाथ तलवार से काट दिया था। जिसके चलते उन्हें इलाज के लिए पीजीआई में भर्ती किया गया था। यहां डॉक्टरों ने घंटों की सर्जरी के बाद उनका हाथ जोड़ दिया था। अब उनके हाथ में मूवमेंट शुरू हो गई है, इसलिए उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है। निहंगों के हमले में कट गया था हाथ, पीजीआई ने किया सर्जरी हरजीत का इलाज कर रहे डिपार्टमेंट ऑफ प्लास्टिक सर्जरी के एडिशनल प्रो. सुनील गाबा और डॉ. जैरी ने उनकी ड्रेसिंग खोली तो हरजीत ने अपनी अंगुलियां हिलानी शुरू कर दी थीं। उनकी अंगुलियों में मूवमेंट देखकर डॉक्टर भी संतुष्ट हैं।

# देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 1,718 नए केस

## 67 की मौत- 630 लोग हुए ठीक: स्वास्थ्य मंत्रालय

**डेली संवाद, नई दिल्ली**



देश में पिछले 24 घंटे में घातक कोरोना वायरस के 1,718 मामले सामने आए हैं जबकि 67 लोगों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। वहीं इस वायरस से संक्रमित हुए रोगियों में से कई ठीक होकर घर भी जा रहे हैं। 24 घंटे में ठीक होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हुए रोगियों की संख्या 630 रही। वहीं इस वायरस के संक्रमण की रिकवरी रेट 25.19 फीसदी दर्ज की गई जो पहले की तुलना में काफी बेहतर है। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि 14 दिन पहले रिकवरी रेट 13.06 फीसदी थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस मरीजों की संख्या 33,050 पहुंच गई है। इनमें 23,651 एक्टिव केस हैं। 1074 की मौत हो चुकी है, वहीं 8325 ठीक हो चुके हैं। इससे पहले, बुधवार को करीब 1300 नए मामले सामने आए हैं और 60 लोगों की मौत भी हुई थी। कोरोना संक्रमितों की संख्या के मामले में महाराष्ट्र अभी भी सबसे आगे है। राय के नासिक जिले में कोरोना वायरस संक्रमण के 71 नए मामले सामने आने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या 276 तक पहुंच गई है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भगवान पवार ने बताया कि पिछले 12 घंटों में पुणे जिले में 127 नए मामले सामने आए हैं, जिससे जिले में कुल पॉजिटिव मामले 1722 पर हैं। वहीं, बुधवार शोम को जारी आंकड़े के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में राय में कोरोना के कुल 597 मामले सामने आए हैं और 32 लोगों की मौत हुई है। 597 ताजा मरीजों में से 475 अकेले मुंबई से हैं। मुंबई में पिछले 24 घंटों में 475 नए मामले सामने आए हैं जबकि 26 लोगों की मौत हुई है। महाराष्ट्र में कोरोना से सबसे यादा प्रभावित मुंबई शहर में कोरोना वायरस के 6,644 मरीज मिल चुके हैं और यहां अब तक 270 लोगों ने अपनी जान गंवाई है।

# बाहरी राज्यों में फंसे सभी को यूपी लाएंगे : योगी आदित्यनाथ

**डेली संवाद, लखनऊ**

- गुरूवार को 100 बसें मध्यप्रदेश से 3 हजार लोगों को लेकर निकलीं
- एमपी के बाद गुजरात, उत्तराखंड और राजस्थान से लाने की कवायद
- दिल्ली, नोएडा और अलीगढ़ से भी शिक्षार्थियों को लाने का निर्देश



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर कोरोना वायरस के बचाव के लिए बड़ा कदम उठाया है। सीएम योगी ने देश के विभिन्न रायों में रहने वाले यूपी के श्रमिकों से पैदल यात्रा नहीं करने की भावुक अपील करते हुए कहा कि यूपी सरकार सभी की सुरक्षित वापसी के लिए राय सरकारों से वार्ता कर कार्ययोजना बना रही है। साथ ही अब कोटा, हरियाणा, प्रयागराज के बाद मध्यप्रदेश में रहने वाले श्रमिकों व कामगारों को यूपी लाने की कवायद भी शुरू कर दी गई है। इसके बाद गुजरात और राजस्थान में रहने वाले यूपी के श्रमिकों को लाने की योजना है। इतना ही नहीं दिल्ली, नोएडा और अलीगढ़ में अध्ययनरत छात्रों को भी वापस लाने की तैयारी की जा रही है।

उक्त जानकारी गुरूवार को यहां लोकभवन में कोरोना वायरस के संबंध में की गई प्रेस कांफ्रेंस में अपर मुख्य सचिव, गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने पत्रकारों को दी। अपर मुख्य सचिव, गृह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीम-11 के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अन्य प्रदेशों में रहने वाले कामगारों, श्रमिकों और शिक्षार्थियों की चिंता की है। ऐसे लोगों की सुरक्षा का निर्देश सीएम योगी द्वारा हमेशा ही दिया जाता रहा है। सीएम योगी के निर्देशन में पहले भी दिल्ली बार्डर से यूपी के 4 लाख लोगों को लाया गया। इसके बाद कोटा से 15 हजार बचों को लाया गया। हरियाणा से 12 हजार श्रमिकों व कामगारों को सकुशल यूपी लाया गया है। इतना ही प्रयागराज में शिक्षारत छात्रों को उनके गृह जनपद भेजा गया। उन्होंने बताया कि इन सबके बाद अब गुरूवार को मध्यप्रदेश से 100 बसें 3 हजार लोगों को लेकर यूपी के लिए रवाना कर दी गई हैं। इसके साथ ही यूपी से भी 40 बसों से एमपी के लोगों को भेजा गया है। एमपी से आने वाली बसें झांसी व प्रयागराज आएंगी। सीएम योगी ने गुजरात, उत्तराखंड व राजस्थान से भी श्रमिकों को जल्द से जल्द लाने का आदेश दिया है। इस आदेश पर कार्ययोजना बननी भी शुरू हो गई है। संभवतः दो से तीन दिनों में आने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। अपर मुख्य सचिव, गृह ने विशेष रूप से इस बात को स्पष्ट करते हुए कहा कि उन्हीं लोगों की वापसी संभव होगी, जिनका स्वास्थ्य परिक्षण किया गया है। इसीलिए जिन्हें भी यूपी वापस आने की मंशा है, वो शीघ्र ही अपने प्रदेश व जिले के क्वारंटीन सेंटर में रिपोर्ट करें और अपना स्वास्थ्य परिक्षण कराकर नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि जानकारी दर्ज करा दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना स्वास्थ्य परिक्षण के किसी का भी वापस आना मुश्किल होगा।

# जालंधर में कर्फ्यू के बीच शर्तों के साथ सुबह 7 से 9 और शाम 5 से 7 बजे खुल सकेंगी इंडस्ट्री : डीसी

**डेली संवाद, जालंधर**



पंजाब सरकार द्वारा कर्फ्यू में ढील दिए जाने के बाद रेड जोन वाले जालंधर जिले के डीसी ने वीरवार को इंडस्ट्री खोलने के आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही कहा गया है कि कुछ शर्तों को मानने के बाद इंडस्ट्री खोली जा सकेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी उद्योग यानी नगर निगम/नगर कौंसिल/नगर पंचायतों की सीमा से बाहर हैं। सभी फोकल पॉइंट्स में, सभी इंडस्ट्रियल एरिया, औद्योगिक संपदाओं, औद्योगिक टाउनशिप और औद्योगिक क्लस्टर के क्षेत्राधिकार में स्थित इंडस्ट्री चल सकती हैं।जिला जालंधर को उनके संचालन को फिर से शुरू करने की अनुमति दी जाएगी। लेकिन उन्हें समय समय पर जारी जिला प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करना होगा। इन इलाकों में अगर कोई कोरोना पोजीटिव मिला तो इंडस्ट्री संचालक पर कार्यवाही होगी। इसके लिए इंडस्ट्री संचालक को एक एफिडेविट देना होगा।मजदूरों के लिए जीएम डीआईसी पास जारी करेंगे। इसके लिए सभी को पहचान पत्र जमा करना होगा। फैक्ट्री मालिक अपने मजदूरों की सूची जीएम डीआईसी को मुहैया करवाएंगे। इसी आधार पर पास जारी होंगे। डीसी ने कहा कि मजदूर पैदल के साथ साइकिल से आ-जा सकते हैं।

# इतिहास में पहली बार बदली गई बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि, पुरोहितों ने मांगी क्षमा

**डेली संवाद, देहरादून**

कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए देशभर में तमाम एहतियात बरती जा रही है। कोरोना के इस बढ़ते खतरे के कारण ही आज पूर्व में तय कार्यक्रम के अनुसार श्री बदरीनाथ धाम के कपाट नहीं खुल सके। इससे पहले तय किया गया था कि बदरीनाथ के कपाट आज यानी 30 अप्रैल को खुलेंगे। कई पुरोहितों ने वीरवार सुबह साढ़े चार बजे भगवान बद्री विशाल की पूजा अर्चना कर बदरीनाथ धाम के कपाट आज न खुलने पर क्षमा मांगी। कोरोना लॉकडाउन के मद्देनजर बदरीनाथ धाम के कपाट खोलने की तारीख में बदलाव किया गया है। अब बदरीनाथ के कपाट 15 मई को खुलेंगे। इतिहास में यह पहली बार है जब कपाट खुलने की तारीख बदली गई है। बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि बसंत पंचमी को टिहरी राज दरबार पंचांग गणना के आधार पर होती है।






# नहीं रहे अभिनेता ऋषि कपूर

## पंचतत्व में विलीन हुए , नम आंखों से परिवार ने दी आखिरी विदाई; बेटी नहीं कर पाईं अंतिम दर्शन

**डेली संवाद, मुंबई**



जाने-माने अभिनेता ऋषि कपूर का मुंबई के एक अस्पताल में गुरुवार को निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। कपूर लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। तबीयत बिगड़ने के बाद बुधवार को उन्हें एच. एन. रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अमेरिका में कैंसर का इलाज कराने के बाद वह पिछले साल सितंबर में भारत लौटे थे। फरवरी में भी तबीयत खराब होने की वजह से उन्हें दो बार अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सबसे पहले अभिनेता अमिताभ बचन ने ट्वीट करके इस बात की जानकारी दी है कि ऋषि कपूर का निधन हो गया है। सोशल मीडिया पर अमिताभ के इस ट्वीट के सामने आते ही फैंस और सितारों ने श्रद्धांजलि देना और शोक जाहिर करना शुरू कर दिया है। अमिताभ बचन ने आज (30 अप्रैल) की सुबह नौ बजकर 32 मिनट पर ट्वीट किया। अमिताभ ने अपने ट्वीट में लिखा, वो चले गए.. ऋषि कपूर... वो चले गए.. उनका निधन हो गया। मैं टूट गया हूं।

परिवार की तरफ से जारी एक शोक संदेश में कहा गया है कि ऋषि कपूर दो साल तक दो अलग-अलग महाद्वीपों में चले इलाज के दौरान हमेशा खुश रहे और जिंदगी जीने की इछा हमेशा उनमें कायम रही। दोस्त यार, परिवार, खाना खिलाना और फिल्में, बस इन्हीं में उनका दिल बसता था और इस दौरान जो भी उनसे मिला, ये देखकर हैरान रहा कि कैसे उन्होंने कैंसर जैसी बीमारी को कभी खुद पर हावी नहीं होने दिया।

गुरुवार की सुबह हुए निधन के बाद जारी संदेश में ये भी कहा गया है कि दुनिया इस समय बहुत ही मुश्किल और मुसीबत भरे समय से गुजर रही है। लोगों के आने जाने और इकट्ठा होने पर तमाम तरह की बंदिशे हैं। ऋषि कपूर के घर वाले चाहते हैं कि लोग इस समय लागू कानून का सम्मान करें और उनकी अंतिम यात्रा में भीड़ न लगाएं। ऋषि कपूर ने अपने पिता राज कपूर की फिल्म श्री 420 से बतौर बाल कलाकर बड़े पर्दे पर अपनी फिल्मी पारी का आगाज किया था। इसके बाद वह फिल्म मेरा नाम जोकर में भी नजर आए। बतौर मुख्य अभिनेता 1973 में आई बॉबी उनकी पहली फिल्म थी, जो एक बड़ी हिट थी। इसके बाद करीब तीन दशक तक उन्होंने कई रोमांटिक फिल्में की। लैला मजनू, रफू चक्कर, कर्ज, चांदनी, हिना, सागर जैसी कई फिल्मों में उनके अभिनय को सराहा गया।







